राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में पहली बार 12 फरवरी, 2019 को राज्यस्तरीय उद्यान प्रदर्शनी आयोजित होगी/कृषक होंगे पुरस्कृत तथा आमजन भी इसका अवलोकन कर सकेंगे

पटना, 07 जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के निदेशानुसार, आगामी 12 फरवरी, 2019 को राजभवन के राजेन्द्र मंडप में राज्यस्तरीय एक उद्यान प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के सभी 38 जिलों से फल–फूल–सब्जी एवं सुगंधित पौधों के उत्पादक कृषक भाग लेंगे।

राज्यपाल के निदेशानुरूप आज राजभवन के सभाकक्ष में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें उक्त उद्यान प्रदर्शनी के संयोजन का दायित्व बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर को प्रदान किया गया।

बैठक में बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार के उद्यान विभाग, बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर, कृषि विज्ञान केन्द्र, सबौर, 'आत्मा' आदि के सहयोग से इस उद्यान प्रदर्शनी में राज्य भर के किसानों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक संवर्ग/विधा में तीन–तीन प्रदर्शों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र भी प्रदान किए जाएँगे। उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल, बिहार श्री लाल जी टंडन के कर–कमलों द्वारा होगा।

इस उद्यान प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य बागवानी के लिए कृषकों एवं आमजन को प्रेरित करना है। साथ ही इसका उद्देश्य उत्कृष्ट कोटि के फलों, फूलों, सब्जियों एवं औषधीय/सुगंधित पौधों के उत्पादन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना भी है। पुरस्कार हेतु प्रदर्शों को गुणवत्ता, रंग–रूप, किस्म, ताजगी, स्वच्छता, पकने या तैयार होने की स्थिति आदि मानकों के आधार पर चयनित किया जाएगा। पुरस्कार–चयन के लिए विशेषज्ञों की एक निर्णायक मंडली भी गठित की जायेगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 3000/–रू॰, 2000/–रू॰ एवं 1000/– रू॰ प्रदान करने का निर्णय आज की बैठक में लिया गया।

बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव ने कहा कि महामहिम राज्यपाल के निदेशानुसार, प्रदर्शनी में आम जन की भी सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए आमजन का प्रवेश राजभवन में 'ऑन–लाईन अभ्यावेदन' के जरिये सुनिश्चित किया जाएगा तथा इसमें विशिष्ट व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आमजन 'गवर्नर बिहार की वेबसाइट –'www.governor.bih.nic.in'– पर जाकर ऑनलाइन अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्राप्त प्रवेश–पत्र के माध्यम से 'उद्यान–प्रदर्शनी' का भ्रमण कर सकेंगे। इसके लिए वेबसाईट पर आगामी पहली फरवरी से ही ऑन–लाईन आवेदन–प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

आगे पृष्ठ...2 पर

उद्यान प्रदर्शनी के **सब्जी वर्ग में** फूलगोभी, बंदगोभी, मूली, गाजर, बैंगन, टमाटर, मटर फली, मिर्च, आलू, कदिमा, लहसुन, प्याज, हल्दी, अदरक, शकरकन्द, ओल, ब्रोकली, रेड पत्ता गोभी, एवं शिमला मिर्च आदि, **फल वर्ग में** अमरूद, पपीता, बेर, केला, आँवला, नींबू, बेल, सपाटू आदि सब्जियों; **पत्तेदार पौधों में** क्रोटन, फर्न, कोलियस, पाम, डफन्बेकिया, कैक्टस, बोनसाई आदि, **कटे मौसमी फूलों में** गुलाब, डहेलिया, गेंदा, ग्लेडियोलस, रजनीगंधा, अन्य मौसमी फूल, एस्टर, कैलेण्डुला, एण्टिरहिनम आदि फूलों; **सुगंधित एवं औषधीय पौधों में** शतवार, सर्पगंधा, एलोवेरा, जापानी पुदीना, सिट्रोनेला/लेमनग्रास, पमारोजा, तुलसी आदि पौधों; **सब्जी–परिरक्षण में** जेली, फल से बना शर्बत, मुरब्बा, आम, मिर्च, नींबू तथा अन्य तरह के अचार आदि के प्रदर्शों को दर्शकों के अवलोकनार्थ सजाया जायेगा।

प्रदर्शनी में फल–फूलों सब्जियों, मधु, मशरूम आदि कृषि–उत्पादों के दो विक्रय–केन्द्र भी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि प्रदर्शनी देखने आनेवाले दर्शक अपनी अभिरूचि के उत्पादों को खरीद भी सकें।

महामहिम राज्यपाल ने बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के कुलपति को कृषि विभाग के प्रधान सचिव/कृषि विभाग के वरीय अधिकारियों/जिला कृषि पदाधिकारियों आदि से विमर्श कर समन्वय बनाते हुए उक्त उद्यान प्रदर्शनी राजभवन में आकर्षक ढंग से आयोजित कराने को कहा है, ताकि किसानों को पर्याप्त प्रोत्साहन मिल सके। ज्ञातव्य है कि राजभवन में उद्यान प्रदर्शनी आयोजित करने की यह अनूठी पहल पहली बार महामहिम राज्यपाल के निदेशानुसार की जा रही है।

....